## श्री महेश्वर सिंह, माननीय स०वि०प० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–1/208/22 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
| --- | --- |
| क्या मंत्री जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–<br><br>(क) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण मोतिहारी जिला अन्तर्गत नेपाल से निकलने वाली पसहा नदी आदापुर छोड़ादानों प्रखंड होते हुए मोतिहारी में नौरंगिया पंचायत के पास सिकरहना नदी में मिल जाती है ;<br><br>(ख) क्या यह बात सही है कि यह नदी गाद से भर चुकी है, जिसके वर्षाकाल में नेपाल से आने वाली इस पसहा नदी के पानी से लगभग 50 पंचायतों की फसल नष्ट हो जाती है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है ;<br><br>(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में पसहा नदी के गाद की सफाई शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ? | वस्तुस्थिति यह है कि नेपाल से निकलने वाली पसहा नदी पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत आदापुर छोड़ादानों प्रखंड होते हुए मोतिहारी में नौरंगिया पंचायत के पास सिकरहना नदी में मिलती है।<br><br>इस नदी पर जल संसाधन विभाग का कोई तटबंध निर्मित नहीं है। बाढ़ अवधि में अत्यधिक जलश्राव प्रवाहित होने पर पानी का फैलाव होता है तथा जलश्राव घटने पर पानी स्वतः अपने मुख्य धारा में लौट जाती है।<br><br>उक्त नदी के तल/गाद सफाई हेतु सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण उपरान्त तकनीकी संभाव्यता के आधार पर विस्तृत योजना प्रतिवेदन प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0) -06–28 / 2024–                    / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1 / 208 / 22 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0) -06–28 / 2024–                    / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0) -06–28 / 2024–                    / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(मुज0)- 06–28 / 2024– 234 / पटना, दिनांक– 17/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.1.25
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव
16.1.25

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo